दिनांक 19.04.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

फ्रेंडली फुटबॉल मैंच खेल कर दिए मतदान अवश्य करने का संदेश

भिलाईनगर/जिलाधीश ॠचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर सेक्टर 2 फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत खेले गए फ्रेंडली फुटबॉल मैच का शुभारंभ किये। रोमांचक मैच में आईजी, एसपी, भिलाई व दुर्ग निगम आयुक्त, जिला पंचायत सीईओ को मैदान में सधे हुए खिलाड़ियों की तरह खेलता देख दर्शको ने तालिया से उनका उत्साह वर्धन करते रहे । मैच के समाप्ति पर कलेक्टर ने टीम के कप्तान तथा सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया ।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं नगर निगम भिलाई के सहयोग से सेक्टर 2 राजेश पटेल स्मृति फुटबॉल मैदान में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत एक दिवसीय फ्रेंडली फुटबॉल मैच मतदान के नाम खेला गया। मैच का शुभारंभ कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने फुटबॉल पर किक मार कर किए। इसके पूर्व उन्होंने मैदान के बीच में कतार में खड़े भिलाई निगम अधिकारी इलेवन एवं जिला प्रशासन अधिकारी इलेवन के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस किए । 20 मिनट तक मैदान में फुटबॉल लेकर दोनों टीम एक दूसरे को छकाते रहे और पहला गोल जिला प्रशासन की टीम ने किया तो मैदान के चारों ओर बैठे दर्शकों ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहर्वधन किए ।

मैच में आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, आयुक्त निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी कुमार देवांगन, दुर्ग निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी मैदान में जिस तरह से खेल रहे थे उसे देख कर दर्शक दिर्धा में बैठे अधिकारी कर्मचारी तथा नागरिको ने प्रशंसा में ताली बजा कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किये । दूसरा मैच बीएमवाय चरौदा एवं अधिकारी इलेवन के बीच खेला गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने नगर पालिक निगम भिलाई के अधिकारी कर्मचारी के साथ ही सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग दुर्ग के कोच तथा रेफरी , जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहे। मैदान के चारो ओर युवा खिलाडी तथा बच्चे मतदाता जागरूकता अभियान के बैनर पोस्टर दिखा कर 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते रहे।